हे मैया हम तेरे बच्चे

हे मैया हम तेरे बच्चे तेरा ही गुण गाते है
तुझे बुलाने बड़े भाव से तेरे दर पे आते है
हे मैया हम तेरे बच्चे तेरा ही गुण गाते है

तेरे दर की शान निराली जो आये वो जाए न खाली,
किस्मत बदल के रख देती तू माँ जगदम्बे शेरावाली
तेरी ज्योत जला कर मैया अपने भाग जगाते है
तुझे बुलाने बड़े भाव से तेरे दर पे आते है
हे मैया हम तेरे बच्चे तेरा ही गुण गाते है

तू है सारे जग की माता तेरे बस में जगत विध्याता
तुझ बिन रचना रचे न को
जो चाहे तू सब हो जाता
हे वरदानी हे कल्याणी तुझको सभी मनाते है
तुझे बुलाने बड़े भाव से तेरे दर पे आते है
हे मैया हम तेरे बच्चे तेरा ही गुण गाते है

माँ तुझसे बड कर कोई न अपना
ना संगी न साथी सपना
दूर पहाडो पर रेहती तू कभी तो आजा मेरे अंगना
कभी तो मेहर होगी तेरी यु दरबार सजाते है
तुझे बुलाने बड़े भाव् से तेरे दर पे आते है
हे मैया हम तेरे बच्चे तेरा ही गुण गाते है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21425/title/he-maiya-ham-tere-baache

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |